मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

डी0 क्रमांक 350 /2124/1(3)/76 भोपाल, दिनांक 24 अगस्त, 1976.
भाद्र 2, 1898. (शक)

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्य प्रदेश, ग्वालियर
समस्त सम्भागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्य प्रदेश.

विषय :- तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के जिले के बाहर स्थानान्तर के सम्बन्ध में ।

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 1 सरल क्रमांक 6 की कण्डिका 12 में दिये गये निर्देशों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानान्तर जिले के बाहर न किये जाने के लिये कहा गया है । इस सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारी, जिनका चयन जिला आधार पर किया जाता है, उन्हीं जिलों में पदस्थ होंगे, किन्तु उच्च पद पर पदोन्नति होने पर जबकि उनका चुनाव क्षेत्रीय या राज्य स्तर पर किया गया हो या लोक सेवा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उनकी पदस्थापना जिले के बाहर की जा सकती है । शासकीय कर्मचारियों की इस श्रेणी में जिसमें कार्यपालिक कर्तव्य वाले कर्मचारी भी सम्मिलित हैं, उनको उनके सम्भाग क्षेत्र अथवा वृत्त के बाहर स्थानान्तरित नहीं किया जावेगा । इन निर्देशों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 20-5-72 एवं दिनांक 3-12-73 द्वारा दोहराया भी गया है ।

2/ उक्त आदेशों के बावजूद भी शासन के ध्यान में ऐसे अनेक मामले आये हैं, जिनमें तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के जिले के बाहर स्थानान्तर किये गये हैं तथा शासन अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन नहीं किया गया है । शासन चाहता है कि भविष्य

क्रमशः ....2.

में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के स्थानान्तर सम्बन्धी जारी किये गये आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाय ।

(डी०जी० निगम)
विशेष सचिव
मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

डी०क्रमांक 351 /2124/1(3)/76 भोपाल, दिनांक 24 अगस्त, 1976.
भाद्र 2, 1898.(शक)

प्रतिलिपि :-

1/ निबन्धक, उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश, जबलपुर
सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्य प्रदेश, इन्दौर
सचिव, राज्य सतर्कता आयोग, मध्य प्रदेश, भोपाल

2/ राज्यपाल के सचिव / सैनिक सचिव
सचिव, विधान सभा सचिवालय, मध्य प्रदेश, भोपाल

3/ मुख्य मंत्री / समस्त मंत्रिगण / समस्त राज्य मंत्रिगण / समस्त उप - मंत्रिगण के निज सचिव / निज सहायक

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

4/ अध्यक्ष, मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, भोपाल
अध्यक्ष, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, भोपाल

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

अवर सचिव

सर्मा/-
24-8